डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

4 अप्रैल 2026
शनिवार

आपकी आवाज

प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ





संवेदक की मनमानी से स्टेशन रोड बना मुसीबत का रास्ता, आठ महीने में भी नहीं पूरी हुई मरम्मत 2


## एक नजर

### तेलंगाना के स्विमिंग पूल में मिली मां और दो बेटियों की लाश

**नई दिल्ली।** तेलंगाना के वारंगल शहर में एक महिला और उसकी दो बेटियों की संदिग्ध परिस्थितियों में स्विमिंग पूल में डूबने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान 26 साल की फरहत और उसकी दो बेटियां 8 साल की उमेरा और 6 साल की आयशा के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार परिवार का वारंगल-खम्मम नेशनल हाईवे के पास एक स्विमिंग पूल था। यह पूल आने वाले लोगों को किराए पर दिया जाता था और यही परिवार की आय का मुख्य जरिया था। फरहत के पति, अजहरुद्दीन ने पुलिस को बताया कि यह एक हादसा था।उन्होंने आगे कहा कि उनकी पत्नी और बेटियां फिसलकर पूल में गिर गई और डूब गई। वहीं फरहत के पिता अली ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। जिसके बाद तीनों की मौत को लेकर सवाल उठ रहे है। फरहत के पिता ने आरोप लगाया है कि पिछले कुछ दिनों से उनकी बेटी और अजहरुद्दीन के बीच अक्सर झगड़े हो रहे थे, जिसकी मुख्य वजह उनके बच्चे और फरहत की प्रेग्नेंसी थी।

### अमित शाह के रोड शो में उपद्रव करनेवाले नपेंगे

**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के रोड शो में हुए उपद्रव मामले में अब तक तीन प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। विधानसभा में विपक्ष के नेता और इस बार भवानीपुर से भाजपा के उम्मीदवार शुभेंदु अधिकारी के नामांकन में कोलकाता आये अमित शाह का रोड शो के दौरान तृणमूल कार्यकाताओं ने विरोध किया था। इसके कारण शुभेंदु अधिकारी के नामांकन के लिए आयोजित रोड शो पूरी तरह से अव्यवस्थित रहा। दक्षिण कोलकाता के कुछ हिस्सों में अशांति फैल गई। कालीघाट और हाजरा जैसे इलाकों में अशांति की तस्वीरें देखने को मिलीं। दोनों पार्टियों के बीच नारेबाजी चल रही थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, अमित शाह के रोड शो के दौरान तृणमूल ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया। कुछ जगहों पर हिंसा की स्थिति पैदा हो गई। गुरुवार की घटना के संबंध में अब तक तीन एफआईआर दर्ज की गई हैं।

## भीड़भाड़ से निपटने के लिए रेलवे का बड़ा कदम, यात्रियों की सुविधाओं के लिए स्टेशन पर किए बदलाव

- तीन वर्षों में रेलवे ने 34,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया
- बेंगलुरु सबअर्बन रेल प्रोजेक्ट जमीन अधिग्रहण की वजह से अभी तक अटका

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे तेजी से बढ़ती यात्री संख्या को ध्यान में रखते हुए बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर और सुविधाओं में निवेश कर रही है। पिछले तीन वर्षों में हजारों करोड़ रुपये खर्च कर स्टेशनों को आधुनिक बनाने और यात्रियों के सफर को ज्यादा आरामदायक बनाने पर जोर दिया गया है। पिछले तीन वर्षों में रेलवे ने 34,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। इस पैसे का उपयोग स्टेशनों के आधुनिकीकरण, भीड़ प्रबंधन को बेहतर बनाने और यात्रियों को अधिक आरामदायक सफर देने के लिए किया गया है। 2023 से 2026 के बीच किए गए इस खर्च का मुख्य उद्देश्य इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना और सुविधाओं में सुधार लाना रहा है। मुंबई जैसे शहर रेलवे की प्राथमिकता में सबसे ऊपर हैं। रेलवे लगातार इस दिशा में काम कर रही है कि यात्रियों को बेहतर और सुरक्षित सफर मिल सके। इसके लिए स्टेशनों पर नई सुविधाएं जोड़ी जा रही हैं और भीड़ प्रबंधन को सुधारने के लिए आधुनिक सिस्टम लागू किए जा रहे हैं। आने वाले समय में इन प्रयासों का सीधा असर यात्रियों के सफर के अनुभव पर देखने को मिलेगा। यहां रोजाना लाखों यात्री लोकल ट्रेनों से सफर करते हैं, जिससे सिस्टम पर काफी दबाव पड़ता है। इसी कारण रेलवे मुंबई में सेवाओं को तेजी से मजबूत कर रही है, ताकि यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सके और भीड़भाड़ की समस्या को कम किया जा सके। रेलवे ने स्पष्ट किया है कि मुंबई में बढ़ती मांग को देखते हुए कई अहम सुधार किए जा रहे हैं।

### वेटिंग एरिया को अधिक बेहतर

स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, वेटिंग एरिया को अधिक बेहतर बनाया जा रहा है और डिजिटल सिस्टम को भी मजबूत किया जा रहा है। इसका उद्देश्य यात्रियों को होने वाली परेशानियों को कम करना और सफर को ज्यादा आसान और सुविधाजनक बनाना है। दूसरी ओर बेंगलुरु सबअर्बन रेल प्रोजेक्ट जमीन अधिग्रहण की वजह से अभी तक अटका हुआ है।

## अमित शाह के रोड शो में उपद्रव करनेवाले नपेंगे

**एजेंसी। कोलकाता**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के रोड शो में हुए उपद्रव मामले में अब तक तीन प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। विधानसभा में विपक्ष के नेता और इस बार भवानीपुर से भाजपा के उम्मीदवार शुभेंदु अधिकारी के नामांकन में कोलकाता आये अमित शाह का रोड शो के दौरान तृणमूल कार्यकाताओं ने विरोध किया था। इसके कारण शुभेंदु अधिकारी के नामांकन के लिए आयोजित रोड शो पूरी तरह से अव्यवस्थित रहा। दक्षिण कोलकाता के कुछ हिस्सों में अशांति फैल गई। कालीघाट और हाजरा जैसे इलाकों में अशांति की तस्वीरें देखने को मिलीं। दोनों पार्टियों के बीच नारेबाजी चल रही थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, अमित शाह के रोड शो के दौरान तृणमूल ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया। कुछ जगहों पर हिंसा की स्थिति पैदा हो गई। गुरुवार की घटना के संबंध में अब तक तीन एफआईआर दर्ज की गई हैं। इनमें से दो एफआईआर अलीपुर पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई हैं। इनमें से एक एफआईआर चुनाव आयोग की शिकायत के आधार पर चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का मामला है।

## नगर थाना क्षेत्र के बड़ा बाजार स्थित प्रेम ज्वैल्स में चार की संख्या में आए अपराधी

# दरभंगा : ज्वेलर्स दुकान में हथियार के दम पर मिनटों में 2 करोड़ की लूट



- हथियार के बल पर लूट की घटना को अंजाम दिया, अपराधियों ने दुकानदार और कर्मचारियों के साथ मारपीट की

**एजेंसी। पटना**

दरभंगा। बिहार के दरभंगा में दिनदहाड़े अपराधियों ने एक ज्वेलरी शॉप को निशाना बनाया। चार की संख्या में आए अपराधियों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया। घटना नगर थाना क्षेत्र के बड़ा बाजार स्थित श्प्रेम ज्वैल्सश की है, जहां मनोज कुमार शाह की दुकान में घुसकर बदमाशों ने हथियार के बल पर लूटपाट की। जानकारी के अनुसार, चार की संख्या में पहुंचे अपराधियों ने दुकान में घुसते ही हथियार लहराते हुए दुकानदार और कर्मचारियों को अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद बदमाशों ने दुकान में रखे सोना-चांदी के जेवरात समेट लिए। प्रेम ज्वैल्स के संचालक ने बताया है कि करीब 2 करोड़ रुपये मूल्य के आभूषण लूटकर सभी अपराधी मौके से फरार हो गए। उन्होंने बताया कि लूटपाट के दौरान उनकी ओर से कोई विरोध नहीं किया गया, इसके बावजूद अपराधियों की ओर से गालियां दी।

### 1.5 से 2 करोड़ के जेवरात और 25 लाख कैश की लूट

प्रारंभिक आकलन के अनुसार, अपराधियों ने करीब 1.5 से 2 करोड़ रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात और 22 से 25 लाख रुपये नकद लूट लिए हैं। दुकानदान ने बताया कि वे होलसेल का काम करते हैं और छोटे व्यापारियों को जेवर सप्लाई करते हैं, जिस कारण दुकान में भारी मात्रा में स्टॉक मौजूद था। सटीक नुकसान का पता स्टॉक के मिलान के बाद ही चल पाएगा। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना मिलते ही नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके।

### 20 मिनट में पूरी वारदात

जानकारी के अनुसार, बड़ा बाजार स्थित प्रेम ज्वेलर्स दुकान में चार बदमाश घुसे और हथियार के बल पर लूटपाट शुरू कर दी। करीब 20 मिनट के अंदर अपराधियों ने पूरी वारदात को अंजाम दिया और आराम से फरार हो गए। दुकान के मालिक मनोज ठाकुर ने बताया कि वह एक ग्राहक से बात कर रहे थे, तभी चार बदमाश दुकान में घुस आए। सभी के हाथ में पिस्टल थी. उन्होंने बताया कि बदमाशों ने गाली देते हुए कहा कि अगर कोई कुछ बोलेगा तो ठोक देंगे। उसके बाद हमलोग डर के कारण चुपचाप बैठे रहे।

### पुलिस जांच में जुटी, एसआईटी का गठन

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी ने बताया कि चार बदमाशों ने लूट की घटना को अंजाम दिया है। उन्होंने कहा कि अपराधियों को पकड़ने के लिए एसआईटी टीम का गठन किया गया है, जो सिटी एसपी के नेतृत्व में काम कर रही है।

## एनसीईआरटी को मिला डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा

- कैंपस खोलने और कोर्स चलाने की मिली मंजूरी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

स्कूली बच्चों के लिए शोधपरक व सस्ती पाठ्यपुस्तकें तैयार करने वाले राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद को डीम्ड विश्वविद्यालय का दर्जा मिल गया है। शिक्षा मंत्रालय ने इसे विशेष श्रेणी के डीम्ड विश्वविद्यालय का दर्जा दिए जाने को लेकर अधिसूचना जारी कर दी है। इस दौरान वह शोध और नवाचार पर विशेष रूप से फोकस रखेगा। मंत्रालय ने इसके साथ ही एनसीईआरटी के भोपाल, शिलांग, मैसूर, अजमेर व भुवनेश्वर के छह क्षेत्रीय शैक्षणिक संस्थानों को इनमें शामिल किया है। इनमें भोपाल स्थित पंडित सुंदरलाल शर्मा सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ वोकेशनल एजुकेशन भी शामिल है। एनसीईआरटी के शिक्षा व शोध क्षेत्र से जुड़े लंबे अनुभव को देखते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 2023 में ही इसको विश्वविद्यालय के रूप में तब्दील करने का एलान किया था। इसके बाद ही यूजीसी ने एनसीईआरटी के साथ ही इस मुद्दे पर चर्चा शुरू की। जिसे अब मंजूरी दी गई है। मंत्रालय की ओर से जारी की गई अधिसूचना के मुताबिक एनसीईआरटी अब नए डिग्री, डिप्लोमा, मास्टर व रिसर्च प्रोग्राम को शुरू कर सकेगा। साथ ही वह देश में अपने नए कैंपस खोल सकेगा। इसके लिए यूजीसी से अनुमति नहीं लेनी होगी। हालांकि इस दौरान वह किसी भी तरह का व्यवसायिक या मुनाफे वाली गतिविधियों में शामिल नहीं सकेगा। एनसीईआरटी का गठन वर्ष 1961 में किया गया था। तब से यह स्कूली पाठ्यपुस्तकों को तैयार करने

## हर दिन हो रही 28 लाख सिलिंडर की डिलीवरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इडियन आयल कारपोरेशन ने शुक्रवारको कहा कि वह प्रतिदिन लगभग 28 लाख एलपीजी सिलिंडर डिलीवरी कर रही है। सरकारी तेल कंपनी ने कहा कि बदलती भू-राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद परिचालन सामान्य बना हुआ है। तेल कंपनी ने ग्राहकों को यह भी भरोसा दिलाया है कि एलपीजी की कोई कमी नहीं है और पैनिक बुकिंग और स्टाक जमा नहीं करें। इंटरनेट मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कंपनी ने कहा, 'इंडियन ऑयल देशभर के घरों में बिना रुकावट एलपीजी आपूर्ति सुनिश्चित कर रही है। प्रतिदिन लगभग 28 लाख एलपीजी सिलिंडरडिलीवर किए जा रहे हैं।' कंपनी ने बताया कि लगभग 87 प्रतिशत एलपीजी बुकिंग अब एसएमएस और आईवीआरएस जैसे डिजिटल प्लेटफार्म के जरिये की जाती है और डिलीवरी ओटीपी के जरिये सत्यापित की जाती है, जिससे सिलिंडर सही ग्राहक तक पहुंचे। तेल कंपनियां प्रवासी मजदूरों को सत्यापित आईडी प्रूफ पर पांच किलो सिलिंडर की लगातार आपूर्ति कर रही हैं। कंपनी ने आगे कहा, 'घरेलू एलपीजी ग्राहक हमारी सबसे पहली प्राथमिकता हैं। पूरे देश में डिस्ट्रीब्यूटर के जरिये बिना रुकावट आपूर्ति पक्की की जा रही है और कालाबाजारी को रोकने के लिए कड़ी मॉनिटरिंग की जा रही है।' कंपनी ने लोगों को इंटरनेट मीडिया पर फैल रही गुमराह करने वाली जानकारी पर यकीन नहीं करने की सलाह दी।







# डुमरी में दलित बस्ती की बदहाली पर उच्च न्यायालय सख्त, 6 अधिकारियों को नोटिस



**केटी न्यूज/डुमरांव**

आजादी के 75 वर्ष बाद भी अनुमंडल के जिले के डुमरी पंचायत वार्ड संख्या 5 की दलित बस्ती नारकीय जीवन जीने को मजबूर है। वर्षों से जलजमाव, गंदगी और संक्रामक बीमारियों के खतरे के बीच जी रहे यहां के लोगों की पीड़ा अब आदालत तक पहुंच चुकी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पटना उच्च न्यायालय ने सख्त रुख अपनाते हुए बिहार सरकार के मुख्य सचिव समेत छह वरिष्ठ अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

**नाले पर अतिक्रमण से बिगड़ी हालत**

जनहित याचिका में बताया गया है कि बस्ती के सरकारी नाले और प्राकृतिक जल निकासी मार्गों पर लगभग 25 लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है। इससे बारिश का पानी और घरों का गंदा सीवेज गलियों में जमा रहता है। हालात ऐसे हैं कि पूरी बस्ती जलजमाव की चपेट में है और लोगों का जीना दूभर हो गया है।

**नंगे पांव स्कूल जाने को मजबूर बच्चे**

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, बच्चों को स्कूल जाने के लिए गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। वे अपने जूते चप्पल और बैग हाथ में लेकर नंगे पांव सड़कों पर जमा गंदे पानी को पार करते हैं। बदबू और संक्रमण के कारण हमेशा बीमारियों का खतरा बना रहता है।

### प्रशासन की अनदेखी, कोर्ट की फटकार

ग्रामीणों ने कई बार जिलाधिकारी और अंचलाधिकारी को आवेदन दिया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अंचल अधिकारी के निरीक्षण में भी अतिक्रमण की पुष्टि हुई, बावजूद इसके समस्या जस की तस बनी रही। अब हाईकोर्ट ने इसे जीवन के अधिकार अनुच्छेद 21 का उल्लंघन मानते हुए कड़ा रुख अपनाया है।

### इन अधिकारियों से मांगा गया जवाब

न्यायालय ने पदाधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है मुख्य सचिव, बिहार सरकार,प्रधान सचिव, पंचायती राज विभाग, जिलाधिकारी, बक्सर, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, बक्सर, प्रखंड विकास पदाधिकारी, डुमरांव, कार्यपालक पदाधिकारी, डुमरी पंचायत

### याचिका की प्रमुख मांगें

अधिवक्ता मो. अजीमद्दीन एवं उनके सहयोगी मंजीत कुमार ने अनुच्छेद 21 जीवन का अधिकार का हवाला देते हुए न्यायालय से गुहार लगाई है कि, अतिक्रमणकारियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई हो तथा नालों की सफाई और जल निकासी व्यवस्था बहाल हो तथा बस्तीवासियों को स्वच्छ एवं गरिमापूर्ण जीवन उपलब्ध कराया जाए।

### अगली सुनवाई 30 अप्रैल को

मामले की अगली सुनवाई 30 अप्रैल 2026 को निर्धारित की गई है। अदालत की सख्ती के बाद अब बस्ती के लोगों में उम्मीद जगी है कि वर्षों से झेल रही इस समस्या का समाधान जल्द निकल सकेगा।

# संवेदक की मनमानी से स्टेशन रोड बना मुसीबत का रास्ता, आठ महीने में भी नहीं पूरी हुई मरम्मत

- **चार किलोमीटर सड़क अधूरी, हर दिन जाम और दुर्घटना का खतरा—व्यवसायियों को लाखों का नुकसान**







**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव का स्टेशन रोड इन दिनों विकास नहीं, अव्यवस्था और लापरवाही की मिसाल बन चुका है। महज चार किलोमीटर लंबी इस सड़क का मरम्मत कार्य पिछले आठ महीनों से अधर में लटका हुआ है। संवेदक की मनमानी और विभागीय उदासीनता के कारण यह सड़क अब वाहन तो दूर, पैदल चलने लायक भी नहीं रह गई है। नतीजा यह है कि हर दिन जाम, धूल और दुर्घटनाओं के बीच शहरवासियों की जिंदगी पिस रही है।

सड़क निर्माण की धीमी गति ने शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। मुख्य मार्ग होने के कारण यहां हर समय वाहनों का दबाव रहता है, लेकिन जगह-जगह अधूरे काम और गड्ढों के कारण आवागमन बाधित हो रहा है। छोटे-छोटे हादसे अब आम बात हो गए हैं, जबकि बड़े हादसे का खतरा हर पल मंडरा रहा है।

व्यवसायियों पर इसका सीधा असर पड़ रहा है। स्टेशन रोड शहर की व्यापारिक धुरी मानी जाती है, लेकिन जाम और बदहाल सड़क के कारण ग्राहक यहां आने से कतराने लगे हैं। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि प्रतिदिन लाखों रुपये का नुकसान हो रहा है। बाहरी व्यापारी भी अब इस मार्ग से दूरी बनाने लगे हैं, जिससे बाजार की रौनक फीकी पड़ गई है। संवेदक की कार्यशैली पर सबसे ज्यादा सवाल उठ रहे हैं। स्थिति यह है कि कुछ मीटर सड़क की ढलाई करने में महीनों का समय लग रहा है। एक जगह काम अधूरा छोड़ दूसरी जगह गड्ढा खोद दिया जा रहा है, जिससे समस्या और बढ़ती जा रही है। कहीं गिट्टी पड़ी है तो कहीं मिट्टी का ढेर, जिससे लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

हाल ही में महरौरा मोड़ के पास काम चल ही रहा था कि नगर परिषद कार्यालय के समीप सड़क किनारे गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया। वहीं विष्णु मंदिर के पास सड़क के आधे हिस्से पर मिट्टी का ढेर लगाकर रास्ता संकरा कर दिया गया है। इससे वाहनों की आवाजाही बुरी तरह प्रभावित हो रही है और हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है।

चिंताजनक बात यह है कि संवेदक खतरनाक स्थलों की मरम्मत को भी प्राथमिकता नहीं दे रहा है। राज हाई स्कूल के समीप सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है और नाली का पानी ओवरफ्लो होकर सड़क के नीचे जमा हो गया है। यह स्थिति किसी बड़े हादसे को न्योता दे रही है, लेकिन जिम्मेदार आंख मूंदे बैठे हैं।

शहरवासियों में इस लापरवाही को लेकर भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही कार्य पूरा नहीं हुआ और व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई, तो आंदोलन किया जाएगा। अब सवाल यह उठता है कि आखिर कब तक संवेदक की मनमानी और विभाग की चुप्पी के बीच शहरवासी यूं ही परेशान होते रहेंगे।

## एक नजर

### यूट्यूब ने रामपुर गांव के किशोर को बनाया गोल्ड मेडलिस्ट



**केसठ।** प्रखंड क्षेत्र के रामपुर गांव के 16 वर्षीय किशोर राज रौशन ने अपनी मेहनत और लगन से पूरे इलाके का नाम रोशन कर दिया है। गया जी में आयोजित राज्य स्तरीय आर्म रेसलिंग पंजा जूनियर प्रतियोगिता 2026 में अंडर-60 किलोग्राम वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए उसने गोल्ड मेडल अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिलों से करीब 200 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। फाइनल मुकाबला काफी रोमांचक रहा, जिसमें पटना और बक्सर के बीच टक्कर हुई। अंततः बक्सर के राज रौशन ने दमदार खेल दिखाते हुए जीत हासिल कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। राज रौशन वर्तमान में आईटीआई की पढ़ाई कर रहा है। उसकी सफलता की खास बात यह है कि उसने आर्म रेसलिंग की शुरूआत किसी बड़े कोचिंग या ट्रेनिंग सेंटर से नहीं, बल्कि यूट्यूब के माध्यम से की। वीडियो देखकर सीखी गई तकनीक और लगातार अभ्यास ने उसे इस मुकाम तक पहुंचाया। बाद में उसने इस खेल से जुड़कर अपनी प्रतिभा को और निखारा।इस उपलब्धि से गांव, प्रखंड और जिले में खुशी की लहर है। ग्रामीणों और शुभचिंतकों ने उसे बधाइयां दी हैं। बधाई देने वालों में सुमेश्वर यादव, बिपिन पासवान, सोनू तिवारी, जुगनू दुबे सहित कई लोग शामिल हैं। उसके पिता धनिक लाल ने बताया कि राज रौशन पढ़ाई के साथ-साथ हर दिन समय निकालकर अभ्यास करता था और यूट्यूब पर नई-नई तकनीकें सीखता रहता था।

**प्रेरणा बनी सफलता की कहानी :** राज रौशन की यह सफलता उन युवाओं के लिए प्रेरणा है, जो संसाधनों की कमी को अपनी कमजोरी मानते हैं। उसने साबित कर दिया कि अगर इरादे मजबूत हों और मेहनत सच्ची हो, तो किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। गांव के इस होनहार बेटे की उपलब्धि ने यह संदेश दिया है कि छोटे गांवों से भी बड़े सपने पूरे किए जा सकते हैं।

**मोबाइल का सही इस्तेमाल बना सफलता की कुंजी :** राज रौशन की सफलता इस बात का जीवंत उदाहरण है कि यदि मोबाइल का सही दिशा में उपयोग किया जाए, तो यह केवल मनोरंजन का साधन नहीं बल्कि सीखने और आगे बढ़ने का मजबूत जरिया बन सकता है। जहां आज के युवा अक्सर मोबाइल को समय बर्बाद करने में लगाते हैं, वहीं राज रौशन ने इसी मोबाइल के जरिए यूट्यूब से आर्म रेसलिंग की तकनीक सीखी और निरंतर अभ्यास कर गोल्ड मेडल हासिल किया। उसकी यह उपलब्धि यह संदेश देती है कि तकनीक का सकारात्मक उपयोग करके कोई भी युवा अपने सपनों को हकीकत में बदल सकता है।

### ग्रामीण शिक्षा को नई उड़ान: रघुनाथपुर स्कूल में प्रवेश उत्सव से बढ़ा उत्साह

**राजपुर।** प्रखंड के मध्य विद्यालय रघुनाथपुर में आयोजित प्रवेश उत्सव ने ग्रामीण शिक्षा के प्रति नई जागरूकता और उत्साह का संदेश दिया। प्रधानाध्यापक शिवजी दुबे के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों और अभिभावकों को शिक्षा के महत्व के प्रति प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय पहुंचे नए बच्चों का फूलों की वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया, जिससे उनके मन में स्कूल के प्रति अपनापन और उत्साह बढ़ा। स्वागत के बाद बच्चों को कक्षा में बैठाकर सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई नई पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। किताबें हाथ में मिलते ही बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी, जो उनके सीखने की उत्सुकता को दर्शा रही थी।

# जमीन पर कब्जे की कोशिश का विरोध करने पर महिला पर हमला, 14 लोगों पर केस दर्ज

**केटी न्यूज/कृष्णाब्रह्म**

थाना क्षेत्र के छोटका ढकाइच गांव में भूमि विवाद को लेकर तनाव बढ़ गया है। आरोप है कि कुछ लोगों ने रात के अंधेरे में एक महिला की जमीन पर जबरन दीवार खड़ी कर दी। जब परिवार ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने महिला के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। इस मामले में पीड़िता के बयान पर पुलिस ने 14 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना 29 मार्च की रात की बताई जा रही है। पीड़िता चानमुनि देवी का कहना है कि कुछ लोग उनकी जमीन पर अवैध रूप से दीवार खड़ी कर रहे थे। जब उनके परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे और इसका कारण पूछा, तो विवाद बढ़ गया। इसी दौरान आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी, जिसमें उनकी गोतनी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद पीड़िता ने स्थानीय थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। उनके बयान के आधार पर पुलिस ने उमा शंकर राम, रामा शंकर राम, जग मोहन राम समेत कुल 14 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। वहीं, इस घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है और आश्वासन दिया है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मिशन अनुसंधान के तहत सख्ती : लंबित कांडों के त्वरित निपटारे को लेकर पुलिस को सख्त



**केटी न्यूज/नावानगर**

सिकरौल थाना शनिवार को उस समय चर्चा का केंद्र बन गया जब अंचल निरीक्षक अरविंद कुमार ने ह्लमिशन अनुसंधानह्व के तहत औचक निरीक्षण कर पुलिस कार्यशैली की गहन समीक्षा की। निरीक्षण का मुख्य फोकस लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन और अनुसंधान की गुणवत्ता को बेहतर बनाना रहा। निरीक्षण के दौरान अंचल निरीक्षक ने थाने के अभिलेख, लंबित कांडों की स्थिति, गश्ती व्यवस्था, टहल दस्तों की सक्रियता और शिकायत निवारण प्रक्रिया का बारीकी से आकलन किया। उन्होंने मालखाना, शस्त्रागार, वाहन जब्ती स्थल और रिकॉर्ड रूम का भी निरीक्षण किया। साफ-सफाई और व्यवस्थाओं पर संतोष जताते हुए उन्होंने कुछ बिंदुओं पर तत्काल सुधार के निर्देश दिए। अंचल निरीक्षक ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी आपराधिक मामले में अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को साक्ष्य-श्रृंखला मजबूत करने और समयबद्ध तरीके से अनुसंधान पूरा करने का निर्देश दिया। गंभीर मामलों में लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। बैठक के दौरान उन्होंने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, रात्रि गश्ती को प्रभावी करने तथा असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए सक्रिय पुलिसिंग और सतत निगरानी बेहद जरूरी है। साथ ही, आम जनता से जुड़े मामलों के त्वरित समाधान और थाना आने वाले लोगों के साथ संवेदनशील व्यवहार करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि पुलिस की प्राथमिकता केवल अपराध नियंत्रण ही नहीं, बल्कि जनता का विश्वास कायम रखना भी है। निरीक्षण के अंत में अंचल निरीक्षक ने विश्वास जताया कि दिए गए निर्देशों के पालन से थाने की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रभावशीलता और अधिक मजबूत होगी।

# वैना में चैता की सुरलहरियों पर झूमे श्रोता, हनुमान जन्मोत्सव पर रातभर सजा संगीत का रंग




**केटी न्यूज/नावानगर**

स्थानीय प्रखंड के वैना गांव में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर आयोजित दो गोला चैता गायन कार्यक्रम ने पूरे इलाके को भक्तिमय और सांगीतिक माहौल से सराबोर कर दिया। हनुमान सेवा समिति वैना के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम में देर रात तक श्रोताओं की भारी भीड़ उमड़ी रही, जहां लोक संगीत की मधुर धुनों पर लोग झूमते नजर आए। कार्यक्रम का उद्घाटन डुमरांव विधायक राहुल सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश भुवन तथा चौगाई जिला परिषद सदस्य बंटी शाही ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान अतिथियों का स्वागत समिति के सदस्यों द्वारा अंग वस्त्र और फूलमाला भेंट कर किया गया। वहीं, कार्यक्रम की शुरूआत में दोनों व्यास शिवनारायण यादव और गोपाल यादव का स्वागत विधायक राहुल सिंह द्वारा किया गया।

चैता गायन की प्रस्तुति में दोनों व्यासों ने अपनी सुमधुर आवाज और पारंपरिक शैली से श्रोताओं का मन मोह लिया। रातभर चले इस सांगीतिक मुकाबले में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक चैता प्रस्तुत कर माहौल को जीवंत बनाए रखा। कार्यक्रम में मौजूद लोग पूरी रात लोकगीतों की धुन पर झूमते रहे। इस मौके पर मृत्युंजय ओझा, रामाकांत सिंह, अशोक चौबे, प्रिय रंजन चौबे, राकेश चौबे, मनोज चौबे, संतोष चौबे समेत हनुमान सेवा समिति के सभी सदस्य सक्रिय रूप से मौजूद रहे। साथ ही सभी सक्रिय सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।









# एलपीजी वितरण व्यवस्था पर प्रशासन सख्त, कालाबाजारी पर होगी कड़ी कार्रवाई

- **25-45 दिन के अंतराल पर ही होगी नई बुकिंग, शिकायतों के समाधान के लिए कंट्रोल रूम सक्रिय**



**केटी न्यूज/बक्सर**

प्रभारी जिलाधिकारी निहारिका छवि की अध्यक्षता में समाहरणालय परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में रसोई गैस (एलपीजी) आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था को लेकर प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस दौरान जिले में गैस आपूर्ति की स्थिति, मांग एवं वितरण से जुड़े आंकड़े प्रस्तुत किए गए तथा व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम एवं हिंदुस्तान पेट्रोलियम के अंतर्गत कुल 27 गैस एजेंसियां कार्यरत हैं। 13 मार्च से 2 अप्रैल तक कुल 98,894 गैस सिलेंडरों का वितरण उपभोक्ताओं के बीच किया गया है, जबकि 2 अप्रैल तक एजेंसियों के पास 4,852 सिलेंडर शेष हैं।उन्होंने बताया कि जिले में प्रतिदिन औसतन 6,419 सिलेंडरों की मांग है, जबकि औसतन 5,791 सिलेंडरों की आपूर्ति हो रही है। वर्तमान में 29,310 गैस रिफिल बुकिंग लंबित हैं, जिससे लगभग 5.1 दिनों का बैकलॉग बना हुआ है।

गैस वितरण को व्यवस्थित बनाए रखने के लिए शहरी क्षेत्रों में अंतिम सिलेंडर की आपूर्ति के 25 दिन बाद तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन बाद ही नए सिलेंडर की बुकिंग की अनुमति दी गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित प्रक्रिया के तहत ही होम डिलीवरी के माध्यम से गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

प्रशासन द्वारा गैस एजेंसियों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की लगातार जांच की जा रही है। कालाबाजारी और जमाखोरी में संलिप्त पाए जाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है। एक और दो अप्रैल को कुल 67 गैस एजेंसियों एवं अन्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। जिला प्रशासन ने आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। गैस आपूर्ति से संबंधित किसी भी समस्या के लिए 06183-223333 पर संपर्क किया जा सकता है।2 अप्रैल तक नियंत्रण कक्ष में 689 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 576 का त्वरित निष्पादन किया जा चुका है, जबकि शेष पर कार्रवाई जारी है। जिले में कुल 3,50,545 घरेलू एलपीजी कनेक्शन हैं, जबकि बक्सर अनुमंडल में 1,273 और डुमरांव अनुमंडल में 960 वाणिज्यिक गैस कनेक्शन संचालित हैं।प्रभारी जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि गैस आपूर्ति या अन्य आवश्यक वस्तुओं को लेकर भ्रामक या अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सोशल मीडिया की सतत निगरानी की जा रही है। अंत में जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने सोनामति गैस एजेंसी एवं कुँवर ज्योति गैस एजेंसी को बिना बुकिंग गैस वितरण, अधिक बैकलॉग तथा तीन दिन से अधिक विलंब से डिलीवरी के मामले में स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है।

## एक नजर

### पीपड़ के पास बाइक सवार दो तस्कर गिरफ्तार, 35 .5 लीटर विदेशी शराब बरामद

**चक्की।** चक्की थाना क्षेत्र में पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना अंतर्गत ग्राम भोला डेरा के समीप खरहाटाड जाने वाली सड़क पर पीपड़ के पास वाहन जांच के दौरान मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्तियों को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अर्जुन कुमार (पिता रामजी राम), निवासी खरवानिया तथा मो्ड्ड साहिद (पिता स्व. मो. साबिर), निवासी नवानगर, थाना नवानगर, जिला बक्सर के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर उनके पास से किंग फिशर बीयर 500 एमएल की कुल 71 बोतलें बरामद की गईं, जिसकी कुल मात्रा 35.5 लीटर बताई जा रही है। बरामदगी के बाद मौके पर ही दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। इस संबंध में चक्की थाना में उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है तथा मामले की गहन जांच की जा रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि शराब की यह खेप कहां से लाई जा रही थी और इसके पीछे कौन-कौन लोग शामिल हैं। पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया है।

### भाजपा के 46वें स्थापना दिवस की तैयारी बैठक संपन्न




**बक्सर।** भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस (06 अप्रैल) को भव्य रूप से मनाने को लेकर शुक्रवार को सिटी पैलेस मैरिज हॉल, कोईरपुरवां (बक्सर) में तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश भुवन ने की, जबकि संचालन जिला उपाध्यक्ष मीना सिंह कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने पार्टी के इतिहास और विकास यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला। बताया गया कि 06 अप्रैल 1980 को दिल्ली के फिरोजशाह कोटला मैदान में स्व. अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में पार्टी की स्थापना हुई थी, जिसे हर वर्ष पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है। बैठक में शाहाबाद के क्षेत्रीय सह प्रभारी अशोक भट्ट ने जनसंघ काल से लेकर वर्तमान तक भाजपा के सफर को विस्तार से रखते हुए कार्यकताओं को आगामी स्थापना दिवस पर जनसंपर्क अभियान को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रमों के माध्यम से आम जनता के बीच पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को प्रमुखता से रखा जाए। स्थापना दिवस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पार्टी ने मीना सिंह कुशवाहा, कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मिठाई सिंह तथा पुनीत सिंह को संयोजक नियुक्त किया है। इसके साथ ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत बक्सर ग्रामीण पूर्वी, बक्सर ग्रामीण पश्चिमी और राजपुर पश्चिमी मंडलों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का संचालन क्रमशः जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश भुवन, मनोज कुमार पाण्डेय, निर्भय राय, सतीष चन्द्र त्रिपाठी तथा धनंजय त्रिगुण के मार्गदर्शन में हुआ। बैठक में विनोद कुमार तिवारी, संध्या पाण्डेय, दिलीप चंद्रवंशी, प्रमोद मिश्रा, ज्वाला सैनी, धर्मेंद्र पांडेय, एसबी सिंह त्यागी, लखन मल्होत्रा, शंकर केसरी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**57.44 करोड़ की परियोजना में 11 पाइल तैयार, लोड टेस्ट सफल; 2027 तक निर्माण पूरा करने का लक्ष्य**

# डुमरांव पश्चिमी रेल फाटक पर ओवरब्रिज निर्माण को मिली रफ्तार, पाइलिंग का अहम चरण पूरा




**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव के बहुप्रतीक्षित पश्चिमी रेलवे फाटक पर प्रस्तावित रोड ओवरब्रिज (आरओबी) निर्माण कार्य ने अब गति पकड़ ली है। लंबे समय से जाम और दुर्घटनाओं की समस्या से जूझ रहे लोगों के लिए यह परियोजना राहत की उम्मीद बनकर सामने आई है। करीब 57.44 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इस ओवरब्रिज का निर्माण कार्य नीरज सीमेंट कंस्ट्रक्शन लिमिटेड को सौंपा गया है, और अब इसके तकनीकी चरण तेजी से पूरे किए जा रहे हैं।

निर्माण कार्य के तहत सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया मानी जाने वाली पाइलिंग की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। अब तक 11 लोहे के पाइलिंग स्ट्रक्चर तैयार कर लिए गए हैं, जबकि अन्य पाइलों पर काम जारी है। इंजीनियरों के अनुसार, पाइलिंग से पहले की जाने वाली जरूरी तकनीकी जांच–लोड टेस्ट पाइलिंग–सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई है। इस परीक्षण के दौरान एक पाइल को जमीन में डालकर उसकी भार वहन क्षमता की जांच की गई, जिसमें संतोषजनक परिणाम प्राप्त हुए हैं। इससे यह सुनिश्चित हुआ है कि जमीन पुल निर्माण के लिए उपयुक्त है। इंजीनियरिंग टीम ने बताया कि निर्माण शुरू करने से पहले स्टैंडर्ड पेनिट्रेशन टेस्ट (एसपीटी) के माध्यम से मिट्टी की गुणवत्ता का आकलन किया गया। इसके बाद लोड टेस्ट और सर्वे लेवल की प्रक्रिया पूरी की गई। सर्वे लेवल के जरिए यह तय किया गया कि पुल की नींव कितनी गहराई तक और किस संरचना में बनाई जाएगी। इस दौरान मिट्टी की प्रकृति, स्थल की ढाल, ऊंचाई और आसपास के ढांचे का गहन अध्ययन किया गया। तकनीकी मानकों को अंतिम रूप देने के बाद अब मुख्य पाइलिंग कार्य शुरू होने की तैयारी है। इसके बाद कंक्रीटिंग की जाएगी, जिससे पाइलों को स्थायी मजबूती मिलेगी। आगे राफ्ट निर्माण के जरिए सभी पाइलों को जोड़ा जाएगा, जिससे नींव संतुलित और मजबूत बने। इसके बाद शाफ्ट, पीयर कैप और पेडिस्टल निर्माण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। अंतिम चरण में गार्डर लॉन्चिंग और एप्रोच रोड का निर्माण होगा। डुमरांव का पश्चिमी रेलवे फाटक डीडीयूझ्र पटना रेलखंड पर स्थित एक अत्यंत व्यस्त क्रॉसिंग है, जहां प्रतिदिन करीब 2200 वाहनों का आवागमन होता है। इनमें स्कूली बसें, एंबुलेंस और अन्य आपातकालीन सेवाएं भी शामिल हैं। यहां हर कुछ मिनट पर फाटक बंद होने के कारण लोगों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है, जिससे जाम की स्थिति बनी रहती है। कई बार ट्रेनों को भी आउटर पर रुकना पड़ता है, जिससे रेल परिचालन प्रभावित होता है। स्थानीय लोगों की मांग पर इस ओवरब्रिज परियोजना को स्वीकृति मिली थी, जिसे अब जमीन पर उतारने का काम तेज हो गया है। ओवरब्रिज बनने के बाद फाटक पर लगने वाला जाम पूरी तरह समाप्त होने की उम्मीद है। इससे न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि स्कूली बच्चों, मरीजों और आम लोगों को सुरक्षित और निर्बाध आवागमन की सुविधा मिलेगी। साथ ही व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को भी गति मिलेगी। सरकार ने इस परियोजना को वर्ष 2027 के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। यदि वर्तमान गति बरकरार रही, तो निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा होने की संभावना जताई जा रही है। स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से निर्माण कार्य की लगातार निगरानी करने और किसी भी प्रकार की देरी से बचने की अपील की है।

इस परियोजना को लेकर पूर्व विधायक डॉ. अजित कुमार ने कई बार विधानसभा में आवाज उठाई थी, वहीं वर्तमान विधायक राहुल कुमार सिंह ने भी संबंधित अधिकारियों से मिलकर कार्य में तेजी लाने की मांग की थी। अब इसका असर जमीन पर साफ दिखाई देने लगा है। लोगों को उम्मीद है कि यह ओवरब्रिज न केवल उनकी रोजमर्रा की परेशानियों को खत्म करेगा, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास में भी मील का पत्थर साबित होगा।

# गुड फ्राइडे पर डुमरांव का स्वर्गारोहण चर्च बना आस्था का केंद्र, श्रद्धालुओं ने किया त्याग और प्रेम का स्मरण

- **पवित्र सप्ताह के आयोजन में उमड़ी भीड़, प्रभु यीशु के बलिदान से जीवन में सेवा और समर्पण का संदेश**



**केटी न्यूज/डुमरांव**

गुड फ्राइडे के अवसर पर पुराना भोजपुर स्थित स्वर्गारोहण चर्च में आस्था, श्रद्धा और अनुशासन का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रभु यीशु के दुख, त्याग और क्रूस पर बलिदान की स्मृति में आयोजित विशेष प्रार्थना सभा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और गहरी आस्था के साथ उनके जीवन संदेश को आत्मसात करने का प्रयास किया।

पूरे पवित्र सप्ताह के दौरान चर्च परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा। इस सप्ताह की शुरूआत खजूर इतवार से हुई, जब श्रद्धालुओं ने प्रभु यीशु के यरूशलेम प्रवेश की स्मृति में खजूर की डालियों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली। यह शोभायात्रा मेरी वार्ड अस्पताल से प्रारंभ होकर भक्तिमय माहौल में चर्च पहुंची, जिससे पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का वातावरण बन गया। गुरुवार को पवित्र गुरुवार के अवसर पर अंतिम भोज, पाद-पदशालन और युखिरिस्ट आराधना जैसे विशेष अनुष्ठान आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से प्रभु यीशु की विनम्रता, सेवा-भाव और मानवता के प्रति समर्पण का संदेश श्रद्धालुओं तक पहुंचाया गया।

गुड फ्राइडे के दिन चर्च में विशेष प्रार्थना, वचन-पाठ और उपवास का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने मौन धारण कर प्रभु के कष्ट और बलिदान को याद किया। वातावरण पूरी तरह से गंभीर और भावनात्मक रहा, जहां हर कोई प्रभु यीशु के प्रेम और त्याग को महसूस करता नजर आया।

इस दौरान पटना प्रॉविंस के फादर अलबर्ट एसजे और ब्रदर शिल्वुई नाथन एसजे की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की, जबकि पूरे आयोजन का संचालन फादर भास्कर ने किया। उन्होंने बताया कि पवित्र सप्ताह का उद्देश्य केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि प्रभु यीशु के जीवन मूल्यों–प्रेम, क्षमा और सेवा–को अपने जीवन में अपनाना है। अब श्रद्धालु शनिवार को शांति और प्रतीक्षा दिवस के रूप में मनाएंगे, जिसमें वे प्रभु के पुनरुत्थान की आशा में प्रार्थना करेंगे। इसके बाद रविवार को पास्का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा, जो प्रभु यीशु के पुनरुत्थान की खुशी का प्रतीक है। पूरे सप्ताह चर्च में लगातार प्रार्थना, मिस्सा और धार्मिक अनुष्ठानों के माध्यम से श्रद्धालु आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त कर रहे हैं। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि समाज को प्रेम, शांति और सेवा का संदेश भी देता नजर आया।

# जनता से सीधा संवाद : डुमरांव में मासिक जनसुनवाई की पहल, समस्याओं के समाधान

- **स्वास्थ्य, पेंशन और आधारभूत सुविधाओं से जुड़ी शिकायतें प्रमुख नियमित शिविर से लोगों को मिलेगी राहत**



केटी न्यूज/डुमरांव

डुमरांव में जनप्रतिनिधि और आम जनता के बीच संवाद को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल देखने को मिली, जब जदयू कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई शिविर में बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। इस आयोजन ने न सिर्फ स्थानीय लोगों को अपनी बात रखने का अवसर दिया, बल्कि विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं के समाधान की उम्मीद भी जगाई।

शिविर के दौरान विधायक राहुल कुमार सिंह ने स्वयं उपस्थित होकर लोगों की शिकायतें सुनीं। सुबह से शुरू हुए इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य सेवाओं की कमी, आवास योजनाओं में देरी, भूमि विवाद, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, सड़क और जलनिकासी जैसी समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। खासकर स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर लोगों ने गंभीर चिंता जताई और इलाज में आने वाली दिक्कतों को प्रमुख मुद्दा बताया। विधायक ने प्रत्येक आवेदक की बात को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों तक शिकायत पहुंचाने और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह की जनसुनवाई से जमीनी स्तर की वास्तविक समस्याएं सामने आती हैं, जिनका समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा सकता है। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की शिकायतों पर संवेदनशीलता और तत्परता के साथ काम करें। शिविर में कई मामलों में मौके पर ही समाधान की दिशा में पहल की गई, जिससे लोगों को तत्काल राहत का अनुभव हुआ। इससे उपस्थित लोगों में भरोसा भी बढ़ा कि उनकी समस्याएं सिर्फ सुनी ही नहीं जा रहीं, बल्कि उन पर कार्रवाई भी हो रही है।

कार्यक्रम में समाजसेवी मगन राय और पूर्व पार्षद धीरज कुमार सहित कई स्थानीय प्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। उन्होंने इस पहल को आम जनता के लिए उपयोगी बताते हुए कहा कि ऐसे मंच लोगों और प्रशासन के बीच दूरी को कम करते हैं और जवाबदेही को मजबूत बनाते हैं। जनसुनवाई की बढ़ती उपयोगिता को देखते हुए विधायक ने इसे नियमित रूप से हर महीने आयोजित करने की घोषणा की। उनका कहना था कि इससे लोगों को अपनी समस्याएं लेकर इधर-उधर भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी और एक ही स्थान पर समाधान की प्रक्रिया शुरू हो सकेगी। देर शाम तक चले इस शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और अपनी समस्याएं दर्ज कराईं। यह पहल आने वाले समय में डुमरांव क्षेत्र में प्रशासनिक जवाबदेही और विकास कार्यों को गति देने में अहम भूमिका निभा सकती है।

# मैट्रिक परीक्षा में टॉप टेन में आई लक्ष्मी कुमारी को श्रीराम ओझा मेमोरियल ट्रस्ट ने किया सम्मानित

- **बिहार में टॉप-10 में जगह, यूपीएससी का सपना—सम्मान समारोह में गूंजा परिश्रम और हौसले का संदेश**



**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**

ग्रामीण परिवेश की कठिनाइयों को पीछे छोड़ते हुए लक्ष्मी कुमारी ने जो सफलता हासिल की है, वह आज पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है। मैट्रिक परीक्षा 2026 में बिहार स्तर पर आठवां स्थान, जिले में तीसरा और प्रखंड में प्रथम स्थान प्राप्त कर लक्ष्मी ने यह साबित कर दिया कि मेहनत और लगन के सामने संसाधनों की कमी कोई मायने नहीं रखती।

इस उपलब्धि के सम्मान में श्रीराम ओझा मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा एक विशेष समारोह आयोजित किया गया, जहां लक्ष्मी कुमारी को मेडल, प्रशस्ति पत्र, मेमेंटो, डायरी, पेन और घड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह का माहौल गर्व और उत्साह से भरा रहा, जहां उपस्थित लोगों ने तालियों की गूंज के साथ इस मेधावी छात्रा की सफलता का स्वागत किया।

लक्ष्मी कुमारी की सफलता की कहानी केवल अंकों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संघर्ष, अनुशासन और आत्मविश्वास की मिसाल भी है। एक साधारण परिवार से आने वाली लक्ष्मी ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद अपने लक्ष्य से कभी समझौता नहीं किया। उनके पिता रविन्द्र प्रसाद एक प्राथमिक विद्यालय में प्राचार्य हैं, जिन्होंने अपनी बेटी की पढ़ाई में हर संभव सहयोग दिया।

सम्मान समारोह के दौरान लक्ष्मी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया। उन्होंने कहा कि उनके मार्गदर्शन और प्रेरणा के बिना यह मुकाम हासिल करना संभव नहीं था। लक्ष्मी ने आगे कहा कि उनका सपना संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा पास कर भारतीय प्रशासनिक सेवा में जाना है, ताकि समाज और देश की सेवा कर सकें।

ट्रस्ट के अध्यक्ष शैलेश ओझा ने अपने संबोधन में कहा कि लक्ष्मी कुमारी ने यह दिखा दिया है कि अगर मन में कुछ करने का जज्बा हो तो कोई भी बाधा रास्ता नहीं रोक सकती। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जरूरत है तो केवल उसे पहचानने और प्रोत्साहित करने की।

उन्होंने आगे बताया कि श्रीराम ओझा मेमोरियल ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। इस तरह के कार्यक्रम न केवल छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ाते हैं, बल्कि अन्य बच्चों को भी मेहनत करने के लिए प्रेरित करते हैं।

इस मौके पर कई स्थानीय लोग, शिक्षक और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिन्होंने लक्ष्मी की उपलब्धि को क्षेत्र के लिए गर्व की बात बताया। सभी ने एक स्वर में कहा कि लक्ष्मी जैसी बेटियां समाज की असली ताकत हैं, जो आने वाले समय में देश का भविष्य संवारेंगी।

लक्ष्मी कुमारी की यह सफलता न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। उनकी यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ी के लिए एक मजबूत संदेश है कि सपने चाहे कितने भी बड़े हों, उन्हें सच्ची मेहनत और दृढ़ संकल्प से जरूर पूरा किया जा सकता है।

# घर में घुसकर महिला पर हमला छह आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज

कृष्णाब्रह्म। स्थानीय थाना क्षेत्र के रेहियां गांव में एक महिला के साथ घर में घुसकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर पीड़िता के बयान पर पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की है। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक अप्रैल की रात महिला अपने घर में सो रही थी। इसी दौरान गांव के ही कुछ लोग अचानक उसके घर में घुस आए और लाठी-डंडों से उस पर हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले से महिला बुरी तरह जख्मी हो गई। पीड़िता के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर जुटने लगे, जिसे देखकर सभी हमलावर वहां से फरार हो गए। घटना के बाद जख्मी महिला को इलाज के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार किया गया। पीड़िता पार्वती देवी के बयान के आधार पर पुलिस ने पिंटू यादव, प्रदीप यादव, दीपक यादव सहित कुल छह लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की है। थाना पुलिस का कहना है कि मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा किया जा रहा है। इस घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है और लोग सुरक्षा को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं। वहीं पुलिस प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन से खिले चेहरे, ओरेकल पब्लिक स्कूल में वार्षिक परिणाम घोषित

**केटी न्यूज/राजपुर**

प्रखंड के तियरा स्थित ओरेकल पब्लिक स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2025-26 का वार्षिक परीक्षा परिणाम उत्साहपूर्ण माहौल में घोषित किया गया। परिणाम घोषणा के साथ ही विद्यालय परिसर में खुशी और उमंग का वातावरण देखने को मिला। छात्र-छात्राओं ने अच्छे अंकों के साथ सफलता हासिल की, जिससे उनके अभिभावकों और शिक्षकों में भी गर्व का भाव नजर आया।

इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे और उनके आत्मविश्वास में वृद्धि हुई। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि इस वर्ष सभी छात्र-छात्राएं सफल रहे हैं और अब वे अगले वर्ग में प्रवेश करेंगे।




कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के निदेशक इंजीनियर जितेन्द्र कुमार साह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, बल्कि निरंतर परिश्रम और सही मार्गदर्शन से ही लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने बच्चों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

वहीं, प्रभारी प्रधानाध्यापिका पूजा कुमारी ने अपने संबोधन में बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि छात्र ही देश के भविष्य हैं। उनकी प्रगति और सफलता से ही देश का विकास संभव है। उन्होंने छात्रों को अनुशासन, मेहनत और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की सलाह दी।

इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। शिक्षकों में श्रीराम पाण्डेय, वसंत कुमार, शिव प्रकाश यादव, उमाशंकर वर्मा, शैलेन्द्र सिंह, कृष्णा कुमार गुप्ता, खुशबू शर्मा, ज्योति कुमारी, नेहा सिंह, निशा यादव, पूजा कुमारी, रूबी कुमारी एवं खुशबू सिंह समेत अन्य शामिल रहे। सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों की सफलता पर खुशी जताते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम का समापन बच्चों के उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा के साथ हुआ, जिसने विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को और भी प्रेरणादायक बना दिया।


# दावथ : अवैध सेक्स रैकेट को लेकर मलियाबाग में बिक्रमगंज अनुमंडल पुलिस की बड़ी कार्रवाई

- एसडीएम व एसडीपीओ ने पुलिस टीम के साथ छापेमारी कर कई जोड़े पकड़े
- होटल सील कर संचालक के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई में जुड़ी पुलिस

**केटी न्यूज रोहतास**

शुक्रवार को बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र के दावथ थाना के मलियाबाग में अवैध सेक्स रैकेट को लेकर पुलिस ने की छापेमारी। जिस अभियान ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया।

बताया जाता है कि गुप्त सूचना के आधार पर की बिक्रमगंज अनुमंडल एसडीएम और एसडीपीओ ने एक पुलिस टीम गठित कर बड़ी कार्रवाई को 3 अप्रैल के दोपहर में बड़ी छापेमारी को अंजाम दिया। प्रशासन टीम ने प्रकाश मैरेज पैलेस को एकाएक होटल के विभिन्न कमरों में छापेमारी शुरू कर दी। जिसके बाद कमरे में मौजूद जोड़ों के बीच हड़कंप मच गई। जिसमें भाग की कोशिश कर रहें कई युवक-युवतियों जोड़ों को पुलिस ने धर दबोचा। हालांकि उम्मीद जताई जा रही है कि इसमें नाबालिक जोड़े भी शामिल थे। जिसकी पुष्टि पुलिस प्रशासन जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेंगी। हालांकि मौजूद स्थानीय लोगों द्वारा इसकी चर्चा उनके दबे जुबान है।





**पुलिस की रणनीति कार्रवाई से मची हड़कंप :** बिक्रमगंज के अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात कुमार और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिंधु शेखर सिंह के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस बल ने दावथ थाना क्षेत्र के मलियाबाग स्थित प्रकाश मैरेज हॉल और उससे सटे होटल परिसर की घेराबंदी कर छापेमारी सख्त करते हुए सभी कमरें के पुलिस बल को तैनात कर दिया। जिसके बाद होटल के कमरे में मौजूद कपल जोड़ें को भागने तक मौका नहीं मिला। इस संदर्भ में एसडीएम प्रभात कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना से मिली जानकारी तहत शिकायत मिली थी कि इस होटल में लंबे समय से होटल की आड़ में अवैध सेक्स रैकेट का धंधा चलाया जा रहा है।

## होटल से भारी संख्या में जोड़ों की हुई गिरफ्तारी

छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से दर्जनों से अधिक युवक–युवतियों को आपत्तिजनक स्थिति में हिरासत में लिया है। प्राथमिक रिपोर्टों के अनुसार, करीब 30 से अधिक लोगों को पूछताछ के लिए थाने ले जाया गया है। इसके अलावा, होटल परिसर से पुलिस ने लगभग 32 बाइक और कुछ चार पहिया वाहन भी जब्त किए हैं,जिनके कागजात की जांच की जा रही है।

## पुलिस द्वारा होटल को किया गया सील

एसडीएम और एसडीपीओ ने अनुमंडल क्षेत्र के पुलिस टीम के साथ त्वरित कार्रवाई करते हुए होटल और मैरिज हॉल के लाइसेंस और वहां चल रही गतिविधियों की वैधता की जांच शुरू कर दी है। साक्ष्यों के आधार पर प्रशासन ने फिलहाल होटल को सील कर दिया है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि क्या इस होटल का इस्तेमाल किसी बड़े गिरोह द्वारा अनैतिक देह व्यापार या शराब के अवैध कारोबार के लिए तो नहीं किया जा रहा था।

## पुलिस के इस कार्रवाई को लोगों ने सराहा

इस कार्रवाई के बाद स्थानीय ग्रामीणों और व्यवसायियों के बीच काफी चर्चा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस इलाके में बाहरी लोगों की आवाजाही संदिग्ध रहती थी। पुलिस की इस सख्त कार्रवाई की लोगों द्वारा काफी सराहना जा रहा है। क्योंकि आने वाले दिनों अब इस तरह के घिनौने कार्य में उनके अंदर डर पैदा होगा। दूसरी तरफ एसडीएम प्रभात कुमार और एसडीपीओ सिन्धु शेखर सिंह का कहना है कि बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र में किसी भी सूरत में होटलों या मैरिज हॉल की आड़ में अब किसी हाल में अवैध धंधे बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। फिलहाल हिरासत में लिए गए लोगों से कड़ी पूछताछ की जा रही है और होटल संचालक के उपर कानूनी शिकंजा कसा जा रहा है।

# दबंगई : उधार में मछली नहीं देने पर दलित मजदूर की गोली मार हत्या

- पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर मुख्य आरोपी को तीन घंटे में दबोचा

**केटी न्यूज/रोहतास**

संझौली थाना क्षेत्र में शुक्रवार को मछली उधार नहीं देने पर एक मजदूर की गोली मार दबंग ने हत्या कर दी। मृतक की पहचान बच्चा जी पासवान (30 वर्ष),पिता स्व.बंगाली पासवान, खैरा भुतहा गांव के रूप में हुई है। मृतक की पत्नी के अनुसार,गांव के आहार में बच्चा जी पासवान मछली मार रहे थे। इसी दौरान गांव के ही रवीश लाल (35 वर्ष) ने उनसे मछली उधार में मांगी। जब बच्चा जी ने मछली उधार देने से मना कर दिया, तो रवीश लाल ने शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे उनके सीने में गोली मार दी। जिस घटना में मौके पर ही व्यक्ति की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष पूनम कुमारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं। इसके बाद बिक्रमगंज अनुमंडल एसडीपीओ सिंधु शेखर सिंह भी निकटवर्ती थानों की पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रणनीति बनाकर घटना के मुख्य आरोपी रवीश लाल को महज तीन घंटे के त्वरित कार्रवाई गिरफ्तार कर लिया। जबकि पुलिस अन्य संभावित आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है, जबकि पुलिस स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है।



# साइकिल में रखें थैले में बम फटने से बच्चा घायल, दो लोग गिरफ्तार

**केटी न्यूज/नवादा**

थाना क्षेत्र के अमावाँ पश्चिमी पंचायत अंतर्गत भावा बिगहा गांव में को थैले में रखा बम अचानक फटने से एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया और लोगों में दहशत का माहौल बन गया। बताया जाता है कि गांव निवासी श्याम सुंदर सिंह के मकान में दो बच्चे साइकिल चलाने के लिए घर में रखी साइकिल निकालने गए थे। इसी दौरान साइकिल के पास एक थैले में बम टंगा हुआ रखा था।साइकिल निकालने के क्रम में थैला झूलकर नीचे गिर गया और अचानक जोरदार विस्फोट हो गया। विस्फोट की चपेट में आकर दीपक कुमार के पुत्र युवराज कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। धमाके में युवराज के दोनों हाथ बुरी तरह झुलस गए। घटना के बाद परिजनों ने उसे तुरंत रजौली अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया,जहां उसका इलाज चल रहा है। सूचना मिलते ही रजौली थाना के पुलिस एसआई सचिन कुमार मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले में उमा सिंह और सुंदर सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। वहीं घटनास्थल पर चलंत फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। थानाध्यक्ष रणजीत कुमार ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई।



## एक नजर

### श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ जलभरी यात्रा के साथ शुरू

**चरपोखरी।** प्रखंड क्षेत्र के सोनवर्षा स्थित श्री तोताद्री लक्ष्मीनारायण मंदिर मठ परिसर में सात दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ शुक्रवार को भव्य जलयात्रा के साथ शुरू हुआ। मठाधीश स्वामी रंगनाथाचार्य जी महाराज के मंगलानुशासन में निकाली गई इस 5 किलोमीटर लंबी भव्य शोभायात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्त शामिल हुए। जहाँ की चिलचिलाती धूप पर भक्तों की आस्था भारी पड़ी और लोग माथे पर कलश लेकर चलते रहे और ऐसा लग रहा था जैसे भगवान श्री लक्ष्मी नारायण साक्षात धरती पर उत्तर आये हो जहां हाथी,घोड़े और ऊंटों के साथ गाजे-बाजे की धुन पर झूमते श्रद्धालुओं के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। यह यात्रा मठिया से प्रारंभ होकर बागर बंसी गंगा के तट पर स्थित बागर सूर्य मंदिर घाट पहुंची। जहाँ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच क्रांतिकारी गोविन्दाचार्य के द्वारा विधिवत रूप से पूजन के उपरांत नदी से जल कलश में लेकर श्रद्धालु भक्त पुनः सोनवर्षा यज्ञस्थल पहुंचे और विधिवत रूप से प्रकांड विद्वान क्रांतिकारी गोविंदाचार्य जी रोहित तिवारी अर्जुन शास्त्री के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान

से कलश पूजन के उपरांत यज्ञ मंडप की प्रक्रिमा के बाद इस महायज्ञ का विधिवत शुरूआत हुआ जलयात्रा के दौरान हरपुर और डारीडीह जैसे गांवों में स्थानीय लोगों ने उमड़े जनसैलाब का भव्य स्वागत किया। अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह शरबत एवं शीतल जल की उत्तम व्यवस्था की गई।जलभरी के बाद श्रद्धालुओं का जत्था पुनः यज्ञ स्थल पर पहुंचने के ब इस सात दिवसीय अनुष्ठान का शंखनाद हो गया। प्रतिदिन अंतरराष्ट्रीय संत पूज्य स्वामी दयानंद शास्त्री जी महाराज श्रीराम पंचायती मंदिर संगरिया राजस्थान के द्वारा भक्तों को भागवत कथा का श्रवण कराया जाएगा यज्ञ समिति के मीडिया प्रभारी चन्दन कुमार ने बताया कि 3 अप्रैल से शुरू हुआ यह भक्ति उत्सव आगामी 9 अप्रैल तक चलेगा। जिसमें प्रतिदिन श्रीमद्भागवत कथा की ज्ञान गंगा बहेगी। कार्यक्रम के अंतर्गत इस महायज्ञ में दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। क्षेत्र के लोगों में इस आध्यात्मिक आयोजन को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है।

### लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण पर नल जल योजना कार्य में धांधली का आरोप

अगिआंव (भोजपुर) रतनाढ़ पंचायत,गांव बेरथ के वार्ड 13 में जो पहले नल-जल योजना आया था। उसी में नया योजना पीएचइडी नल-जल के तहत काम हो रहा है जो पुराना डाई सौ फीट है जो अच्छा से काम नही कर रहा है। उसको बिना चेक किये हुए जेई द्वारा पास कर दिया गया। और 13 नम्बर वार्ड के जनता ने जब देखा कि बोरिंग से गन्दा पानी और बालू जाम होने के कारण वो बुरी तरह से बोरिंग बेकार है यहाँ का जनता का मांग चार सौ पचास फिट नया बोरिंग लगाया जाए। जो घटिया काम ठीकेदारों द्वारा स्ट्रेक्चर का काम बेकार है बरसात में माटी बहने का कारण स्ट्रेक्चर पीलर पर खड़ा दिखाई देगा। जांच में ग्रामीण जनता बालमेश्वर महतो,अजय महतो,अलख कुमार,कामेंद्र साह, रामबाबू महतो,अभिषेक कुमार, इनर महतो, श्यामबाबू महतो,संतोष महतो सैकड़ो लोग मौजूद थे।

### प्रतिभावान छात्रों को शिक्षक संघ ने किया सम्मानित

**पीरो ।** बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ की भोजपुर इकाई द्वारा इन्टर साइंस की परीक्षा में जिला में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर पीरो प्रखण्ड के रामदिहल सिंह यादव प्लस टू उच्च माध्यमिक विद्यालय जितौरा के छात्र विक्की कुमार एवं मैट्रिक परीक्षा में बिहार में दसवां रैंक प्राप्त करने पर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जमुआंव पीरो के छात्र सोनू कुमार को सम्मानित किया गया। प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित करने यहां पहुंचे संघ के जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह मंटु ने कहा कि शिक्षा महज पैसा कमाने का जरिया नहीं हैं बल्कि शिक्षा से संस्कार और संस्कृति का विकास होता है। शिक्षा जीवन की सारी बाधाएं दूर कर देती है। शिक्षक नेताओं ने दोनों प्रतिभावान छात्रों को शुभकामना देते हुए कहा कि ये बच्चे आगे जाकर विभिन्न क्षेत्रों में परिवार,समाज व देश का नाम रौशन करेंगे। सोनू के घर उससे मिलने हर दिन गणमान्य लोगों के पहुंचने व उसे मिल रहे सम्मान से तार पंचायत के बबुरही गांव के लोग अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। वहीं विक्की की उपलब्धि पर जितौरा के लोगों में गजब का उत्साह देखा जा रहा है। ये दोनों छात्र अन्य बच्चों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गए हैं। मौके बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह मंटु,पीरो प्रखण्ड अध्यक्ष अरुण कुमार, महासचिव चन्द्रदेव कुमार सिंह, बीएसटीए के जिलाध्यक्ष अजय कुमार सिंह, शिक्षक रविन्द्र कुमार सिंह, चन्द्रभानु पाण्डेय, सुनील कुमार, सुरेश कुमार, रंजय कुमार,विनोद यादव सहित दर्जनों शिक्षक प्रतिनिधि मौजूद थे।

### 30 पेटी देशी शराब बरामद, धंधेबाज फरार

**कोचस।** परसथुआ पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक कार से कुल 270 लीटर देशी शराब बरामद किया है। इसकी पुष्टि करते हुए थाना अध्यक्ष रामचंद्र चौपाल ने बताया कि बीती देर शाम पुलिस को सूचना मिली कि यूपी से एक लग्जरी कार मे शराब की बड़ी खेप डिलीवर करने के लिए तस्कर लाए है जहां सूचना के बाद हरकत मे आई पुलिस ने परसथुआ नुआंव रोड मे सघन वाहन जांच चलाई गई जहां एक कार को संदिग्ध स्थिति मे देखा गया, जहां कार को जब्त कर तलाशी ली गई जिसमें छुपा कर रखे गए 30 पेटी देशी शराब यानी कुल 270 लीटर देशी शराब बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस को देख शराब तस्कर भागने मे सफल रहे है। वही शराब के साथ कार को जब्त कर पुलिस थाने लाई जहां कार की रजिस्ट्रेशन के द्वारा आरोपियो की पहचान कर पुलिस कार्रवाई करेगी।

# मोकामा में अनंत सिंह का अंतरराष्ट्रीय महादंगल देश–विदेश के 101 पहलवानों ने दिखाई ताकत



**एजेंसी। पटना**

मोकामा में जदयू विधायक अनंत सिंह द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय महादंगल में 101 पहलवानों ने भाग लिया, ईरानी और जॉर्जियाई खिलाड़ियों समेत रोमांचक मुकाबले हुए और 51 लाख रुपये के पुरस्कार वितरित किए गए। बिहार के मोकामा में शुक्रवार को भव्य अंतरराष्ट्रीय महादंगल का आयोजन किया गया। यह दंगल अनंत सिंह द्वारा नदवां गांव में आयोजित किया गया था, जो बाहुबली पहलवान विवेका पहलवान की पुण्यतिथि के मौके पर रखा गया। इस आयोजन में देश-विदेश के कुल 101 पहलवानों ने हिस्सा लिया और अपनी ताकत का प्रदर्शन किया। दंगल में कई शानदार मुकाबले देखने को मिले। भारतीय पहलवान ने ईरानी खिलाड़ी को तीन बार हराकर दर्शकों का दिल जीत लिया। वहीं, जॉर्जिया के पहलवान ने दिल्ली के रोहित को मात दी। इसके अलावा, ईरान के पहलवान जलाल को महाराष्ट्र के खिलाड़ी शिवा ने हराकर मुकाबले को और रोमांचक बना दिया। इस महादंगल में कुल 101 पहलवानों के बीच लगभग 51 लाख रुपये की पुरस्कार राशि वितरित की गई।दंगल देखने के लिए विधायक अनंत सिंह अपने छोटे बेटे अभिनव सिंह के साथ पहुंचे। उन्होंने सिर पर साफा बांध रखा था और अखाड़े के चारों ओर घूम-घूमकर मुकाबले का आनंद लिया। स्थानीय लोगों ने कहा कि कई लोग कुश्ती देखने के बजाय अनंत सिंह को देखने आए थे। कार्यक्रम में भोजपुरी सिंगर गुंजन सिंह भी पहुंचे। उनके गानों पर अनंत सिंह समेत दर्शक झूम उठे। विशेष गीत ह्यदेखने में तुमको भले गंवार लगते हैं पर लोगों ने गमछा लहराकर माहौल को और भी जोशीला बना दिया। दंगल देखने के लिए लगभग 10,000 लोग मैदान में मौजूद रहे। बाहर से आए दर्शकों के लिए खाने-पीने की भी विशेष व्यवस्था की गई। यह आयोजन अनंत सिंह के लिए खास माना गया क्योंकि हाल ही में उन्हें पटना हाईकोर्ट से जमानत मिली थी। जेल से रिहाई के बाद यह उनका पहला बड़ा सार्वजनिक कार्यक्रम था, जिस पर सभी की नजरें टिकी रहीं। महादंगल का आयोजन विवेका पहलवान की पुण्यतिथि पर किया गया। वे ह्यबिहार केसरीह्व का खिताब जीत चुके थे और अपनी कड़ी मेहनत व अनुशासन के लिए जाने जाते थे। उनके भाई अरविंद पहलवान के अनुसार, विवेका रोजाना 5 लीटर दूध पीते थे, हजारों दंड-बैठक करते थे और करीब 10 किलोमीटर दौड़ते थे।

# प्रसव के दौरान जुड़वा बच्चें को जन्म देते ही मां की मौत,परिवार में मातम

**केटी न्यूज/आरा**

थाना क्षेत्र के पेरहाप गांव में 24 वर्षीय मां अपने दो जुडवें बच्चे को जन्म देकर भगवान की प्यारी हो गई । इस घटना ने पुरे परिवार को झकझोर कर रख दिया है । यह घटना पेरहाप गांव निवासी बिनकटेश ठाकुर के घर की है। बिनकटेश ठाकुर पेशे से नाई का काम करते हैं । उनके पुत्र अजीत कुमार ठाकुर की पत्नी 24 वर्षीय प्रीती कुमारी का पहली प्रसूती के दौरान एक लड़का और एक लडकी जुडवा को जन्म देने के बाद मौत हो गई। यह घटना बीते दिन बुधवार को आरा के चर्चित महिला डाक्टर मधुवाला सिन्हा के निजी नर्सिंग होम हुआ है । दोनों नवजात बच्चे स्वस्थ तो हैं लेकिन पिता के शर पर चिंता की लकीरें साफ दिखाई दे रही है और परिजनों में प्रीती को खोने का गम चरम पर है । बताते चलें अजीत कुमार ठाकुर की शादी 2022 में तरारी प्रखंड के बसौरी गांव के द्वारिका ठाकुर की पुत्री प्रीती कुमारी से हुई थी । शादी के महज चार साल के भीतर हीं प्रीती की मौत हो गई। इस बीच घटना की खबर सुनकर सहार-पूर्वी की जिला पार्षद मीना कुमारी तथा जनसुराज पार्टी के प्रांतीय नेता व अधिवक्ता घनश्याम राय पीडित शोकाकुल परिवार से मिलने उनके घर पहुंचे और ढाढस बंधाया और बच्चे की परवरिश पर परिजनों को ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। वहीं इन नेताओं ने प्रसूती के दौरान प्रीती कुमारी की मौत के मामले में डाक्टर की भूमिका और उनकी कार्यशैली पर सवाल खडा करते हुए उच्चस्तरीय जांच की आवश्यकता पर जोर दिया है।



# बिहार बना फिल्म इंडस्ट्री का नया सुपरहिट सेट! 45 फिल्मों को मिली मंजूरी

## हर तरफ गूंज रहा लाइट, कैमरा, एक्शन



**एजेंसी। पटना**

बिहार अब सिर्फ इतिहास और राजनीति के लिए नहीं, बल्कि फिल्मों के लिए भी चर्चा में है। राज्य के शहरों और पर्यटन स्थलों में शूटिंग की रौनक हर दिन देखने को मिल रही है, जिससे हर जगह कैमरे, लाइट्स और कलाकारों की हलचल बढ़ गई है। बिहार की पहचान अब सिर्फ इतिहास, संस्कृति और राजनीति तक सीमित नहीं रही, बल्कि अब यह राज्य तेजी से फिल्म इंडस्ट्री का नया हॉटस्पॉट बनता जा रहा है। नई फिल्म प्रोत्साहन नीति के लागू होने के बाद यहां फिल्मों की जैसे ह्यबाढ़ह्न आ गई है। हालात ऐसे हैं कि अब बिहार के अलग-अलग शहरों में हर दिन कहीं न कहीं शूटिंग चलती नजर आ रही है।अगर देखा जाए तो फिल्मकारों का रुझान बिहार की ओर तेजी से बढ़ा है। ताजा आंकड़ों के अनुसार, अब तक कुल 45 फिल्म प्रोजेक्ट्स को बिहार में शूटिंग की मंजूरी मिल चुकी है। इनमें से 39 फिल्मों की शूटिंग पूरी भी हो चुकी है, जो अपने आप में एक बड़ा रिकॉर्ड माना जा रहा है। आज बिहार के शहरों और पर्यटन स्थलों पर कैमरे, लाइट्स और कलाकारों की चहल-पहल आम बात हो गई है। राजगीर की खूबसूरत पहाड़ियां, पटना के गंगा घाट, बोधगया का ऐतिहासिक मंदिर और गांवों की सादगी–ये सभी लोकेशन फिल्म निमार्ताओं को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। फिल्मों की शूटिंग के लिए अब निमार्ता बिहार को एक सुरक्षित, सस्ता और विविध लोकेशन वाला राज्य मान रहे हैं। यही वजह है कि बड़े-बड़े प्रोडक्शन हाउस भी यहां शूटिंग करने के लिए आगे आ रहे हैं।

### लोक कलाओं को संजीवनी देने की पहल

बिहार सरकार की सांस्कृतिक रणनीति केवल सिनेमा तक सीमित नहीं है। राज्य की विलुप्तप्राय और हाशिए पर जा चुकी लोक कलाओं को पुनर्जीवित करने के लिए मुख्यमंत्री गुरु-शिष्य परंपरा योजना शुरू की गई है। इसके तहत अनुभवी कलाकार ह्यगुरुह्न के रूप में युवाओं को पारंपरिक कला, लोक संगीत, नृत्य और वादन का प्रशिक्षण देंगे। इस योजना को अच्छा प्रतिसाद मिला है और अब तक 233 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं।

# अब नहीं चलेगा बहाना! बिहार सरकार ने बदल दिए दाखिल-खारिज के नियम, अफसरों की बढ़ी टेंशन



**एजेंसी। पटना**

पटना में बिहार सरकार ने भूमि से जुड़े दाखिल-खारिज मामलों में हो रही अनावश्यक देरी को समाप्त करने के लिए बड़ा और महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब सक्षम न्यायालय और लंबित शब्द की स्पष्ट परिभाषा तय कर दी गई है, जिससे मामलों के निपटारे में तेजी आएगी और बिहार में दाखिल-खारिज (भूमि म्यूटेशन) मामलों में लंबे समय से हो रही देरी और अलग-अलग व्याख्याओं के कारण उत्पन्न भ्रम को खत्म करने के लिए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने बड़ा कदम उठाया है। राज्य के उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने इस संबंध में स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि बिहार भूमि दाखिल-खारिज अधिनियम, 2011 की धारा 6(12) में प्रयुक्त सक्षम न्यायालय में लंबित शब्द की अलग-अलग व्याख्या के कारण कई अंचलों में दाखिल-खारिज मामलों का निपटारा समय पर नहीं हो पा रहा था। इस समस्या को देखते हुए विभाग ने विस्तृत समीक्षा कर सभी राजस्व अधिकारियों के लिए स्पष्ट नियम निर्धारित किए हैं। नए निर्देशों के अनुसार अब सक्षम न्यायालय की श्रेणी में केवल दीवानी/व्यवहार न्यायालय, पटना उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय ही नहीं, बल्कि डीसीएलआर, एडीएम, डीएम, कमिश्नर कोर्ट, विधि विभाग द्वारा अधिकृत न्यायालय तथा बिहार भूमि न्यायाधिकरण को भी शामिल किया गया है। इससे न्यायिक प्रक्रिया की स्पष्टता बढ़ेगी और अधिकारियों को निर्णय लेने में सुविधा होगी। सरकार ने लंबित शब्द की भी स्पष्ट व्याख्या की है। अब केवल वही मामला लंबित माना जाएगा जो विधिवत न्यायालय में दायर हो चुका हो, जिसमें न्यायालय ने संज्ञान लिया हो, नोटिस जारी किया गया हो या कोई स्थगन आदेश, अंतरिम आदेश या निषेधाज्ञा प्रभावी हो। केवल आवेदन, आपत्ति या सामान्य अभ्यावेदन दाखिल होने मात्र को लंबित एनहीं माना जाएगा। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने स्पष्ट किया कि यदि किसी सक्षम न्यायालय का कोई स्थगनादेश लागू नहीं है, तो राजस्व अधिकारी अपनी कार्रवाई जारी रखेंगे और दाखिल-खारिज मामलों को अनावश्यक रूप से रोककर नहीं रखा जाएगा। इसके साथ ही यदि किसी वाद की प्रमाणित

### छपरा के बाद अब मुंगेर में डिप्टी सीएम का भूमि सुधार जन-कल्याण संवाद, चार अप्रैल को

जमीन से जुड़े मामलों में आम लोगों की परेशानी दूर करने के उद्देश्य से 4 अप्रैल 2026 को मुंगेर के प्रेक्षा गृह में भूमि सुधार जन-कल्याण संवाद का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा करेंगे। इस दौरान वे आम लोगों की समस्याएं सुनेंगे और मौके पर समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश देंगे।संवाद कार्यक्रम में आने वाले लोगों की सुविधा के लिए मुंगेर जिले के सभी नौ अंचलों के लिए नौ अलग-अलग रजिस्ट्रेशन काउंटर बनाए जाएंगे। इन काउंटरों पर दाखिल-खारिज, परिमार्जन, भूमि मापी, भूमि विवाद, अतिक्रमण सहित जमीन से जुड़े सभी मामलों की शिकायतों का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त जन सामान्य की जानकारी और मार्गदर्शन के लिए एक अलग पूछताछ काउंटर भी बनाया जाएगा, जहां लोग प्रक्रिया से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

# पटना एयरपोर्ट पर बड़ी लापरवाही! मोहसिन अली के हैंड बैग से 3 जिंदा कारतूस बरामद

- सीआईएसएफ ने किया खुलासा



**एजेंसी। पटना**

पटना एयरपोर्ट पर गुरुवार सुबह सुरक्षा जांच के दौरान उस समय हड़-कंप मच गया जब एक यात्री के हैंड बैग से 08 एमएम कैलिबर के 3 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। यह मामला एयरपोर्ट के सिक्योरिटी होल्ड एरिया (एसएचए) का है, जहां नियमित जांच के दौरान सीआईएसएफ जवानों ने बड़ी सतर्कता दिखाते हुए संदिग्ध वस्तु को पकड़ लिया। जानकारी के अनुसार, लगभग सुबह 09:40 बजे -BIS मशीन-05 पर तैनात सीआईएसएफ कर्मियों द्वारा यात्रियों के सामान की स्कैनिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक हैंड बैग में संदिग्ध वस्तु दिखाई दी। तुरंत ही ड्यूटी पर मौजूद ऑपरेटर LSI/Exe जिग्याशा कुमारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बैग की भौतिक जांच करवाई। जांच में बैग से 3 जिंदा कारतूस बरामद हुए, जिससे एयरपोर्ट सुरक्षा व्यवस्था में अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद मौके पर तैनात सीआईएसएफ SI/Exe इशांत कुमार ने बैग को अपने कब्जे में लेकर यात्री से पूछताछ शुरू की। पूछताछ के दौरान सामने आया कि यह बैग यात्री मासूमी सैयद मोहसिन अली का है, जो एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या अक-1892 से पटना से दिल्ली जाने के लिए एयरपोर्ट पहुंचा था। यात्री की सीट संख्या 06सी (पीएनआर : BLS93A) बताई गई है। पूछताछ में यात्री ने बताया कि उसके बैग में मौजूद कारतूस उसके ज्ञान में नहीं थे और यह गलती से बैग में रह गए थे। यात्री ने सुरक्षा एजेंसियों के सामने अपनी गलती स्वीकार की और कहा कि उसे इस बारे में पहले से जानकारी नहीं थी। आधिकारिक दस्तावेजों के अनुसार यात्री का नाम मासूमी सैयद मोहसिन अली, पिता एस. एस. हसन मसूमी, निवासी 104 जय रघुराज टावर, पुर्णेंदु नगर, फुलवारी शरीफ, पटना, बिहार-801505 बताया गया है। सुरक्षा जांच के दौरान यात्री का आधार कार्ड और बोर्डिंग पास भी जब्त कर लिया गया है। घटना के बाद सीआईएसएफ ने तत्काल तीनों जिंदा कारतूस को जब्त कर लिया और पूरे मामले की जानकारी हवाई अड्डा थाना, पटना को दी गई। साथ ही आरोपी यात्री, बरामद कारतूस, सीजर लिस्ट, यात्री का बयान और संबंधित दस्तावेज पुलिस के हवाले कर दिए गए हैं। एयरपोर्ट सुरक्षा एजेंसियों ने इस घटना को बेहद गंभीरता से लिया है। अधिकारियों का कहना है कि एयरपोर्ट पर किसी भी प्रकार के हथियार या गोला-बारूद लेकर जाना कानूनन अपराध है, चाहे वह गलती से ही क्यों न हो।

# गया में भीषण आग से तबाही, 300 बीघा गेहूं जलकर राख, सैकड़ों किसानों की मेहनत बर्बाद



**एजेंसी। पटना**

गया जिले के अतरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सरबहदा थाना क्षेत्र के नैली गांव में शुक्रवार की दोपहर अचानक लगी भीषण आग ने भारी तबाही मचाई। खेतों में लहलहाती गेहूं की फसल कुछ ही समय में आग की चपेट में आकर जलकर राख हो गई। तेज हवा के कारण आग इतनी तेजी से फैली कि ग्रामीणों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आग की शुरूआत खेत के एक हिस्से से हुई और देखते ही देखते यह कई खेतों में फैल गई। आग की रफ्तार इतनी तेज थी कि वह एक खेत से दूसरे खेत में फैलती चली गई। गांव में अफरातफरी का माहौल बन गया और लोग बाल्टी, पाइप, मोटर और जो भी साधन मिला, उससे आग बुझाने में जुट गए, लेकिन आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया। जानकारी के अनुसार, गांव में करीब 1000 बीघा में गेहूं की फसल लगी थी, जिसमें से लगभग 300 बीघा फसल पूरी तरह जलकर नष्ट हो चुकी है। आग की चपेट में आने से करीब 200 परिवार प्रभावित हुए हैं, जबकि 40 से अधिक किसानों की पूरी फसल बर्बाद हो गई है। प्रभावित किसानों में राहुल कुमार, जितेंद्र कुमार, सत्येंद्र कुमार, पवन कुमार और विनीत सिंह सहित कई अन्य शामिल हैं। घटना के बाद ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी, लेकिन आरोप है कि दमकल की गाड़ियां करीब दो घंटे की देरी से मौके पर पहुंचीं। तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय पर दमकल पहुंच जाती, तो नुकसान काफी हद तक कम किया जा सकता था। फिलहाल तीन दमकल गाड़ियां मौके पर आग बुझाने में जुटी हैं, जबकि गया और बोधगया से अतिरिक्त गाड़ियां भी मंगाई गई हैं। प्रारंभिक अनुमान के मुताबिक, इस आगजनी में करीब 50 से 60 लाख रुपये की फसल जलकर राख हो गई है। इससे गांव के किसानों की आर्थिक स्थिति पर गहरा असर पड़ा है। पीड़ित किसानों का कहना है कि यह सिर्फ फसल का नुकसान नहीं, बल्कि उनके पूरे साल की मेहनत और उम्मीदों का अंत है। अब उनके सामने परिवार चलाने का संकट खड़ा हो गया है। आग लगने के कारणों का अब तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है। कुछ लोग इसे लापरवाही का नतीजा बता रहे हैं, तो कुछ जानबूझकर आग लगाने की आशंका जता रहे हैं। हालांकि पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सरबहदा थाना अध्यक्ष ने बताया कि फिलहाल प्राथमिकता आग पर पूरी तरह काबू पाने की है, इसके बाद ही कारणों की जांच की जाएगी।

## एक नजर

### दरभंगा में दो करोड़ की ज्वेलरी लूटी, दिनदहाड़े चार अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम

**दरभंगा।** दरभंगा के नगर थाना क्षेत्र स्थित बड़ा बाजार में शुक्रवार को दिनदहाड़े एक बड़ी लूट की वारदात सामने आई है। बाइक सवार चार अपराधियों ने 'प्रेम ज्वेलर्स' नामक दुकान को निशाना बनाते हुए करीब दो करोड़ रुपये मूल्य के गहनों के साथ लगभग 20 लाख रुपये नकद लूट लिए और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और व्यापारियों में दहशत का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन हरकत में आया। एसएसपी जगुनाथ रेड्डी और डीआईजी मनोज तिवारी समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आसपास के इलाकों की घेराबंदी करते हुए अपराधियों की तलाश तेज कर दी है। साथ ही, आसपास की दुकानों और सड़कों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को खंगाला जा रहा है, ताकि अपराधियों की पहचान हो सके। प्रारंभिक जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि अपराधियों ने पहले से रेकी कर इस वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने दावा किया है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिलहाल घटना को लेकर स्थानीय व्यापारियों में आक्रोश देखा जा रहा है। बताया जाता है कि इसी इलाके में करीब पांच साल पहले लाट मार्केट स्थित संतोष लाट की दुकान ह्यअलंकार ज्वेलर्सह्न में भी दिनदहाड़े पांच करोड़ रुपये से अधिक की ज्वेलरी लूट ली गई थी। हालांकि, दरभंगा पुलिस ने बाद में इस मामले का उद्भेदन कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था।

### बिहार में शर्मनाक वारदात, घर में घुसकर दिव्यांग युवती से दुष्कर्म का प्रयास

**मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के मुरौल प्रखंड क्षेत्र से एक बेहद शर्मनाक घटना सामने आई है, जहां एक 20 वर्षीय दिव्यांग युवती के साथ घर में घुसकर दुष्कर्म का प्रयास किया गया। हालांकि युवती की सूझबूझ और ग्रामीणों की तत्परता से आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया गया। घटना गुरुवार शाम की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, युवती घर में अकेली सो रही थी, जबकि उसकी मां पास की दुकान पर बैठी हुई थी। इसी दौरान आरोपी युवक नाथु साह चुपके से घर में घुस आया और युवती के साथ जबरदस्ती करने की कोशिश करने लगा। अचानक हुए इस हमले से घबराई युवती ने हिम्मत दिखाई और जोर-जोर से शोर मचाना शुरू कर दिया। उसकी आवाज सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे। जब ग्रामीण घर के अंदर पहुंचे, तो युवती डरी-सहमी हालत में मिली, जबकि आरोपी वहां से भागने की कोशिश कर रहा था। ग्रामीणों ने बिना देर किए आरोपी का पीछा किया और कुछ ही दूरी पर उसे पकड़ लिया। इसके बाद उसे वहीं काबू में कर लिया गया और पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची सकरा थाना पुलिस के हवाले आरोपी को सौंप दिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान समस्तीपुर जिले के पूसा थाना क्षेत्र के महमदा गांव निवासी 25 वर्षीय नाथु साह के रूप में हुई है। घटना के बाद युवती की मां ने सकरा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है, जिसमें आरोपी पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

### बिहार में दर्दनाक सड़क हादसा! दो ऑटो की सीधी भिड़ंत में 6 घायल, 3 की हालत गंभीर

**आरा।** बिहार के भोजपुर जिले में आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। गड़हनी थाना क्षेत्र के दुलारपुर गांव के पास दो ऑटो के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस भीषण टक्कर में ऑटो चालक समेत कुल छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और स्थानीय लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों ऑटो तेज रफ्तार में विपरीत दिशा से आ रहे थे। इसी दौरान दुलारपुर गांव के समीप अचानक दोनों वाहनों के बीच सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों ऑटो सड़क किनारे पलट गए और उसमें सवार यात्री चीख-पुकार करने लगे। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और घायलों को बाहर निकालकर एंबुलेंस की मदद से आरा सदर अस्पताल भेजा। घायलों की पहचान टाउन थाना क्षेत्र के शिवगंज मोहल्ला निवासी जंग बहादुर सिंह के 40 वर्षीय पुत्र अजय कुमार सिंह, नवादा थाना क्षेत्र के जगदेव नगर निवासी छठु सिंह के 40 वर्षीय पुत्र एवं ऑटो चालक प्रदुमन कुमार सिंह, चौरी थाना क्षेत्र के बेरथ गांव निवासी प्रमोद सिंह की 50 वर्षीय पत्नी सोनामती देवी सहित तीन अन्य यात्रियों के रूप में हुई है। सभी घायलों को प्रारंभिक उपचार के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने तीन लोगों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया।

### बेगूसराय में विजिलेंस की बड़ी कार्रवाई: 12 हजार घूस लेते आपूर्ति पदाधिकारी और डीलर गिरफ्तार

**बेगूसराय।** बेगूसराय में भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत निगरानी अन्वेषण ब्यूरो (विजिलेंस), पटना की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी और एक जन वितरण प्रणाली (ढऊर) डीलर को रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई के बाद जिले के प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। मामला निगरानी थाना कांड संख्या-03/2026, दिनांक 01 अप्रैल 2026 से जुड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक परिवादी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि जन वितरण प्रणाली से संबंधित कार्य कराने के एवज में कमीशन के रूप में 12 हजार रुपये की मांग की जा रही है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की मुख्यालय टीम ने पहले आरोपों का सत्यापन कराया, जो सही पाए गए।

# बिहार में 5 अप्रैल से मौसम का बड़ा बदलाव! 7-8 अप्रैल को तेज आंधी-बारिश का अलर्ट



**एजेंसी। पटना**

बिहार में एक बार फिर मौसम करवट लेने जा रहा है। मौसम विभाग के ताजा पूवार्नुमान के मुताबिक 5 अप्रैल से राज्य के मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा, जिसका असर 9 अप्रैल तक बना रहेगा। इस दौरान खासतौर पर 7 और 8 अप्रैल को पूरे राज्य में गरज-चमक, तेज हवा और बारिश की संभावना जताई गई है, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार 5 अप्रैल को दक्षिण बिहार के कई जिलों में मौसम का मिजाज बदलेगा। औरंगाबाद, भभुआ, गया, नवादा और रोहतास जिलों में गरज-चमक के साथ तेज हवा और हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार हैं। इन इलाकों के लिए अलर्ट जारी किया गया है, क्योंकि तेज हवा के साथ बिजली गिरने की घटनाएं भी हो सकती हैं। लोगों को इस दौरान सतर्क रहने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है। अगर आज के मौसम की बात करें तो राज्य में गर्मी का असर लगातार बढ़ रहा है। अधिकतम तापमान करीब 40 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री के आसपास रहने का अनुमान है। सुबह 05:42 बजे सूर्योदय हुआ, जबकि सूर्यास्त शाम 06:11 बजे होने का अनुमान है। नमी का स्तर केवल 16 प्रतिशत दर्ज किया गया है, जो सूखे और गर्म मौसम का संकेत देता है। वहीं वायुमंडलीय दबाव 1008 हेक्टोपास्कल के स्तर पर बना हुआ है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक 6 अप्रैल को उत्तर बिहार की तुलना में दक्षिण बिहार में मौसम ज्यादा सक्रिय रहेगा। इस दौरान अधिकांश दक्षिणी जिलों में आंधी और बारिश की गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं। वहीं उत्तर बिहार में इसका असर अपेक्षाकृत कम रहेगा, हालांकि कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना बनी रहेगी। इसके अलावा आने वाले दो से तीन दिनों के दौरान राज्य के ज्यादातर शहरों के अधिकतम तापमान में 1 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है। यानी बारिश और बादलों के बावजूद गर्मी से पूरी तरह राहत नहीं मिलेगी। हालांकि बीच-बीच में होने वाली बारिश से तापमान में अस्थायी गिरावट जरूर दर्ज की जा सकती है। राजधानी पटना की बात करें तो यहां अगले दो से तीन दिनों तक आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना है। पटना का अधिकतम तापमान 37.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 23.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग का मानना है कि राजधानी में भी 7 और 8 अप्रैल के आसपास मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है और हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने अप्रैल महीने को लेकर भी बड़ा पूवार्नुमान जारी किया है। विभाग के अनुसार इस साल अप्रैल में बिहार में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है। यह किसानों के लिए राहत की खबर हो सकती है, लेकिन तेज आंधी और बिजली गिरने की घटनाएं फसलों और जनजीवन को प्रभावित कर सकती हैं।

# बागमती नदी में बड़ा हादसा! 30 लोगों से भरी नाव पलटी, एक की मौत, कई लोग लापता



**एजेंसी। पटना**

बिहार के शिवहर जिले से एक बड़ा हादसा सामने आया है। तरियानी थाना क्षेत्र के खुरपट्टी गांव के पास बागमती नदी में शुक्रवार को एक नाव अचानक पलट गई। इस नाव में करीब 25 से 30 लोग सवार थे, जो नदी पार कर गेहूं की कटनी (फसल काटने) के लिए जा रहे थे। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और चीख-पुकार की स्थिति बन गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, नाव जैसे ही नदी के बीच धार में पहुंची, तभी उसका संतुलन बिगड़ गया और वह अचानक पलट गई। नाव में सवार कई लोग पानी में डूबने लगे। हालांकि, कुछ लोगों ने हिम्मत दिखाते हुए तैरकर किसी तरह अपनी जान बचाई और किनारे तक पहुंच गए। लेकिन कई लोगों के अब भी लापता होने की आशंका जताई जा रही है। इस घटना में एक महिला की मौत की भी खबर सामने आ रही है। घटना की सूचना मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। स्थानीय लोग अपने स्तर से नदी में उतरकर लापता लोगों की तलाश में जुट गए हैं। वहीं प्रशासन को भी तत्काल सूचना दी गई।सूचना मिलते ही जिला प्रशासन हरकत में आ गया है। वरीय अधिकारी घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं। एनडीआरएफ की टीम पहुँच गई है। ग्रामीणों का कहना है कि नाव में क्षमता से अधिक लोग सवार थे और नदी का बहाव भी तेज था, जिसके कारण यह हादसा हुआ।